भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2462
दिनांक 13.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

महाराष्ट्र में प्लास्टिक पार्क

2462. श्री संजय उत्तमराव देशमुख:
श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्लास्टिक पार्क योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य से किसी प्लास्टिक पार्क की स्थापना का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उसके स्वीकृति, लंबित/विचाराधीन अथवा अस्वीकृति से संबंधित वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में सरकार के ध्यान में कोई टिप्पणी/कमी लाई गई है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और महाराष्ट्र में उक्त पार्क को बनाने में तेज़ी लाने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं/उठाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): विभाग ने प्लास्टिक पार्क स्थापित करने की योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों में 10 प्लास्टिक पार्कों को स्वीकृति दी है। ये 10 प्लास्टिक पार्क कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और विभाग इन 10 पार्कों के निर्माण को सफलतापूर्वक पूरा करने और इनके संचालन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्तमान में, नए प्लास्टिक पार्कों की स्थापना पर विचार नहीं किया जा रहा है। प्लास्टिक पार्क योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****